Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for the removal of Dadra-Nagar Haveli administration over former Hon'ble Lok Sabha M.P. Sh. Mohanbhai Delkar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): सभापति महोदय, 22 फरवरी, 2021 को मोहन देलकर साहब की मौत हुई है, उससे आज पूरा सदन दुखी है । मैं आपके माध्यम से विनती करना चाहता हूं कि उनकी मौत के बारे में सोलह पन्ने का सुसाइड नोट लिखा गया है, उसमें वहां के प्रशासक सहित लगभग एक दर्जन अधिकारियों के नाम हैं ।

इससे पहले उन्होंने सदन में अपनी कुंठा और अपमान के मुद्दे को उठाया है ।…(व्यवधान) उसको मंगवाकर देखना चाहिए । हम लोग जनप्रतिनिधि हैं । अपमान किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए निंदनीय और उसकी गरिमा के खिलाफ है । ऐसी परिस्थिति में जब जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं है, तो जनता की सुरक्षा की गारंटी कैसे हो सकती है? …(व्यवधान) इसलिए, सदन के माध्यम से एक संदेश वहां की जनता के बीच जाना चाहिए ।

मैं अपने मुख्य मंत्री जी के आदेश पर स्वयं उनकी श्रद्धांजलि सभा में गया था । उस शोक सभा में वहां के 20 से 25 हजार लोग शामिल हुए थे । उनकी आंखों में आंसू छलक रहे थे । उसको देखकर हम लोगों को भी बर्दाश्त नहीं हो रहा था । उनके परिवार वाले काफी दु:खी थे । …(व्यवधान) हम लोग भी दु:खी थे । हमारी एक ही मांग है कि वहां के जिस प्रशासक द्वारा उनको टार्चर किया जा रहा था, उस प्रशासक को तत्काल वहां से हटाया जाए । मैं आपसे विनती और निवेदन करूंगा कि वहां के प्रशासक को हटाया जाए और वहां की जनता की न्याय दिया जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद । …(व्यवधान)